Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to repair/upgrade NH-110 from Jahanabad to Arwal in Jahanabad Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): अध्यक्ष महोदय, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाएं, पूर्व की सरकारों का जंगल राज और गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए, जब आदरणीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने वर्ष 2005 में सरकार बनाई थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि 15 साल में बिहार इतना बदल जाएगा। पहले बिहारी कहलाना एक शर्म की बात मानी जाती थी, परंतु अब बिहार प्रदेश के लोग पूरे देश-विदेश में अपनी सक्षमता और नीतीश सरकार की अच्छी पहल के कारण सफलता का परचम लहरा रहे हैं। यह बदलाव आदरणीय मुख्य मंत्री जी के सुशासन काल में हुआ है। आज बिहार की एनडीए सरकार के सुशासन में आगे बढ़ते हुए बिहार को पूरा संसार देख रहा है। वैसे तो एक गाना है कि "हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के, इस देश को रखना बच्चों संभाल के" यहाँ भविष्य का जिक्र है, परंतु हमारे मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी की तरफ से यह कहा जा सकता है कि "हम लाए हैं जंगलराज से किश्ती निकाल के, बिहार को रखना है खूब संभाल के" यहाँ जंगलराज से मेरा क्या तात्पर्य है, यह किसी से छिपा नहीं है। एन.एच. 110 जहानाबाद से अरवल को बने हुए ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, फिर भी यह रोड जगह-जगह से टूट गई है। यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोग भी काफी परेशान हैं। मैं आपके माध्यम से एन.एच.ए.आई के मंत्री आदरणीय नितिन गडकरी जी से मांग करता हूँ कि इस रोड को जिन्होंने बनाया या बनवाया, उनकी जिम्मेवारी तय करते हुए उसकी एन.क्यू.एम या उच्च स्तरीय जांच की जाए एवं इसके अपग्रेडेशन का काम पूरा कराया जाए।